दिन– शनिवार दिनांक– 07/02/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

बिहार विधानसभा आज अपना एक सौ पांचवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर विधानसभा में विशेष समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने व्याख्यानमाला को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार की भूमि लोकतंत्र की जननी रही है। उन्होंने कहा कि यहां के लोकतांत्रिक मूल्य पूरे देश के लिए अनुकरणीय है। राज्ययसभा के उपसभापति हरिवंश ने अपने संबोधन में बिहार बजट की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि राज्य के बजट में ऐतिहासिक बढ़ोतरी से राज्य में तेज गति से विकास हो रहा है। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परम्पराओं और विधानमंडल की गरिमा पर प्रकाश डाला और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में विधायिकाकी भूमिका को रेखांकित किया। इससे पहले, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुये कहा कि इस ऐतिहासिक आयोजन से देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि आज आयोजित व्याख्यानमाला का उद्‌देश्य संसदीय लोकतंत्र की चुनौतियों पर चर्चा करना और भविष्य में इसे और मजबूत बनाना है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी और विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव भी समारोह को संबोधित करेंगे।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में एक हजार दो सौ चौबीस नवनियुक्त विशेषज्ञ और सामान्य चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार चिकित्सा के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी नवनियुक्त चिकित्सक पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम करें, जिससे राज्यवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके। इस अवसर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय भी मौजूद रहें।

————————————————————————

राष्ट्रीय जांच एजेंसी– एन.आई.ए. ने बिहार में उच्च गुणवत्ता वाले नकली भारतीय करेंसी नोट की ज़ब्ती के सिलसिले में हैदराबाद निवासी मोहम्मद फसी उद्दीन के खिलाफ आरोप–पत्र दायर किया है, जिससे पाकिस्तान और नेपाल के ज़रिए चलने वाले एक अंतरराष्ट्रीय नकली करेंसी रैकेट का पर्दाफाश हुआ है। मोहम्मद फसी उद्दीन वर्ष दो हजार चौबीस के उस मामले में आरोपित है, जिसमें पूर्वी चंपारण ज़िले के बंजरिया से नकली मुद्रा बरामद की गई थी। आरोप है कि उसने क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल करके एक पाकिस्तानी नागरिक को भुगतान किया था।

————————————————————————

पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को पटना पुलिस ने इकतीस साल पुराने एक मामले में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि पप्पू यादव की गिरफ्तारी एमपीएमएलए कोर्ट के आदेश पर की गयी है। कोर्ट के समन के बावजूद उपस्थित नहीं होने के कारण उनके खिलाफ वारंट जारी किया गया है।

————————————————————————

रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में सात दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान व्यक्त किया है। दिसंबर में यह अनुमान सात दशमलव तीन प्रतिशत था। यह अनुमान वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं और वित्तीय बाजार में अस्थिरता के बावजूद घरेलू मांग बने रहने का संकेत देता है। रिज़र्व बैंक ने यह भी कहा है कि अगले वित्त वर्ष यानी दो हजार छब्बीस–सत्ताईस में पहली तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि छह दशमलव नौ प्रतिशत और दूसरी तिमाही में सात प्रतिशत रहने का अनुमान है।

————————————————————————

बीसीसीआई ने अंडर–19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम, तकनीकी स्टाफ और चयन समिति के लिए साढ़े सात करोड़ रुपये के पुरस्कार की घोषणा की है। भारत ने कल जिमब्बावे के हरारे में फाइनल में इंग्लैंड को सौ रन से हराकर रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप का खिताब जीता था।

————————————————————————

प्रदेश में पछुआ हवा के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। इससे सुबह और शाम के समय ठंड का एहसास हो रहा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सीवान का जीरादेई राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद एक बार फिर एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।